**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2078**
**12 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**एनसीआरपीबी द्वारा गाजियाबाद को आवंटित निधि**

**†2078. श्री अतुल गर्गः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गाजियाबाद में अवसंरचना परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीवी) द्वारा आवंटित और जारी निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) एनसीआर के लिए क्षेत्रीय योजना-2041 के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ग) गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की प्रमुख योजनाओं को क्षेत्रीय योजना के अनुरूप बनाने के लिए क्या उपाय किये गए हैं;

(घ) जल, सीवरेज और परिवहन परियोजनाओं के लिए एनसीआरपीबी द्वारा स्थानीय निकायों को प्रदान किए गए ऋणों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) एनसीआर के काउंटर-मैग्नेट क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए सरकार का क्या विजन है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) किसी परियोजना/स्कीम की शुरुआत/कार्यान्वयन नहीं करता है, यह केवल एनसीआर के अंतर्गत आने वाले राज्यों और उनकी कार्यान्वयन एजेंसियों की परियोजनाओं के लिए ऋण आधारित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। गाजियाबाद में अवसंरचना परियोजनाओं के लिए एनसीआरपीबी द्वारा ऋण आधारित वित्तीय सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) क्षेत्रीय योजना-2041 के मसौदे को एनसीआरपीबी द्वारा अभी अनुमोदित किया जाना है।

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना-2021 में यह प्रावधान है कि क्षेत्रीय योजना के समग्र फ्रेमवर्क के भीतर संबंधित भागीदार राज्यों द्वारा उप-क्षेत्रीय योजनाएं और मास्टर प्लान तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा, क्षेत्रीय योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए, प्रत्येक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उप-क्षेत्रों/संघटक राज्यों में एनसीआर योजना और निगरानी प्रकोष्ठों (एनसीआरपीएमसी) का गठन किया गया है, जो संबंधित राज्य सरकारों के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करते हैं। यह एनसीआरपीएमसी क्षेत्रीय योजना और उप-क्षेत्रीय योजना के साथ अनुरूपता सुनिश्चित करने हेतु बस्तियों की मास्टर/विकास योजनाएं तैयार करने के लिए राज्य सरकार के साथ समन्वय करते हैं और निर्धारित प्रपत्र में क्षेत्रीय योजना के उल्लंघनों के संबंध में मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा एनसीआरपीएमसी-यूपी के माध्यम से गाजियाबाद के लिए यह प्रस्तुत की गई है।

(घ) गाजियाबाद में जल, सीवरेज और परिवहन परियोजनाओं के लिए स्थानीय निकायों को एनसीआरपीबी द्वारा प्रदान किए गए ऋणों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II में दिया गया है।**

(ङ) एनसीआरपीबी अधिनियम, 1985 की धारा 2 (एफ) के अनुरूप, एनसीआरपीबी ने क्षेत्रीय योजना-2021 में छह राज्यों में फैले एनसीआर के लिए 09 काउंटर-मैग्नेट क्षेत्रों (सीएमए) की पहचान की है। यह परिकल्पना की गई है कि ये सीएमए स्वतंत्र, आत्मनिर्भर विकास इंजन के रूप में विकसित हो सकते हैं और वैकल्पिक आर्थिक, सामाजिक और इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र के रूप में दिल्ली और एनसीआर के मुख्य क्षेत्रों पर बढ़ रहे जनसंख्या के दबाव को कम करते हुए प्रवासन के अवरोधक के रूप में कार्य कर सकते हैं।
इसके अलावा, एनसीआरपीबी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए सीएमए को आसान ऋण के रूप में वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। दिसंबर, 2025 तक एनसीआरपीबी ने सीएमए के विकास के लिए अब तक 4970.64 करोड़ रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की है। इसमें से 3270.93 करोड़ रुपये एनसीआरपीबी द्वारा संबंधित सीएमए/उनकी कार्यान्वयन एजेंसी को संवितरित किए गए हैं।

*****

अनुलग्नक-।

(करोड़ रुपये में)

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | परियोजना का प्रकार | कार्यान्वयन एजेंसी | अनुमानित लागत | स्वीकृत ऋण | जारी की गई वास्तविक ऋण राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गाजियाबाद में जल निकासी प्रणाली में सुधार | सीवरेज | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) | 1.24 | 0.93 | 0.75 |
| 2. | जीडीए द्वारा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में छह लेन एलिवेटेड रोड (हिंडन) का विकास | परिवहन | जीडीए | 1147.60 | 700.00 | 700.00 |
| 3. | ऊपरी गंगा नहर से 50 क्यूसेक जल की ढुलाई द्वारा ट्रांस-हिंडन क्षेत्र की जल आपूर्ति में वृद्धि | जल | जीडीए | 86.80 | 38.65 | 3.75 |
| 4. | जल निकासी प्रणाली में सुधार (नगर निगम क्षेत्र) | सीवरेज | नगर निगम गाजियाबाद | 1.60 | 1.20 | 1.20 |
| 5. | ट्रोनिका सिटी, लोनी में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप का विकास | भूमि विकास | यूपी राज्य औद्योगिक विकास निगम | 230.00 | 20.00 | 20.00 |
| 6. | गाजियाबाद में वसुंधरा आवासीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकास योजना | भूमि विकास | यूपी हाउसिंग डेवलपमेंट बोर्ड | 45.95 | 34.50 | 18.75 |
| 7. | गाजियाबाद में रोड नेटवर्क में सुधार | परिवहन | नगर निगम गाजियाबाद | 11.26 | 8.45 | 8.45 |
| 8. | ट्रांस-हिंडन क्षेत्र, गाजियाबाद में जलापूर्ति योजना/प्रणाली में सुधार | जल | नगर निगम गाजियाबाद | 2.23 | 1.28 | 1.28 |
| 9. | सीआईएस-हिंडन क्षेत्र, गाजियाबाद में जल आपूर्ति योजना/प्रणाली में सुधार | जल | नगर निगम गाजियाबाद | 3.07 | 1.55 | 1.55 |
| 10. | मौजूदा जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार | जल | नगर निगम गाजियाबाद | 2.00 | 1.24 | 1.24 |
| 11. | स्ट्रीट लाइटों में सुधार | ऊर्जा | नगर निगम गाजियाबाद | 2.45 | 1.83 | 1.83 |
| कुल | | | | 1534.20 | 809.63 | 758.80 |

**अनुलग्नक-II**

(करोड़ रुपये में)

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | परियोजना का प्रकार | कार्यान्वयन एजेंसी | अनुमानित लागत | स्वीकृत ऋण | जारी की गई वास्तविक ऋण राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गाजियाबाद में जल निकासी प्रणाली का सुधार | सीवरेज | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) | 1.24 | 0.93 | 0.75 |
| 2 | जीडीए द्वारा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में छह लेन एलिवेटेड रोड (हिंडन) का विकास | परिवहन | जीडीए | 1147.60 | 700.00 | 700.00 |
| 3 | ऊपरी गंगा नहर से 50 क्यूसेक पानी की ढुलाई द्वारा ट्रांस-हिंडन क्षेत्र की जल आपूर्ति में वृद्धि | जल | जीडीए | 86.80 | 38.65 | 3.75 |
| 4 | जल निकासी प्रणाली में सुधार (नगर निगम क्षेत्र) | सीवरेज | नगर निगम गाजियाबाद | 1.60 | 1.20 | 1.20 |
| 5 | गाजियाबाद में रोड नेटवर्क में सुधार | परिवहन | नगर निगम गाजियाबाद | 11.26 | 8.45 | 8.45 |
| 6 | ट्रांस-हिंडन क्षेत्र, गाजियाबाद में जलापूर्ति योजना/प्रणाली में सुधार | जल | नगर निगम गाजियाबाद | 2.23 | 1.28 | 1.28 |
| 7 | सीआईएस-हिंडन क्षेत्र, गाजियाबाद में जल आपूर्ति योजना/प्रणाली में सुधार | जल | नगर निगम गाजियाबाद | 3.07 | 1.55 | 1.55 |
| 8 | मौजूदा जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार | जल | नगर निगम गाजियाबाद | 2.00 | 1.24 | 1.24 |
| कुल | | | | 1255.80 | 753.30 | 718.22 |